एफएसएसएआई को राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला (एनएफएल), जेएनपीटी, मुंबई के लिए मिला पहला रेवेन्यू शेयर चेक

प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली, 07 अप्रैल, 2022 : नवी मुंबई के जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी), न्हावा शेवा में एक नई राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला (एनएफएल) ने 8 फरवरी 2022 से काम करना आरंभ कर दिया। गाजियाबाद और कोलकाता में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की दो मौजूदा प्रयोगशालाओं के बाद अब यह तीसरी पूर्ण संचालित राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला है। नवी मुंबई में न्हावा शेवा स्थित यह राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला पीपीपी प्रणाली से संचालित है, जहाँ एफएसएसआई की तरफ से संचालन का उत्तरदायित्व निजी भागीदार (विमता लैब्स लिमिटेड) पर है। समझौते के अनुसार, कैपेक्स (CAPEX) और ओपेक्स (OPEX) का वहन निजी भागीदार द्वारा किया जाएगा और अर्जित राजस्व का एक हिस्सा एफएसएसएआई के साथ साझा किया जाएगा। एफएसएसएआई को विमता लैब्स लिमिटेड से रेवेन्यू शेयर का पहला चेक आज मिला।

राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला, जेएनपीटी सेट-अप, ऑपरेट और ट्रांसफर (एसओटी) मॉडल के साथ-साथ पीपीपी प्रणाली में कार्य कर रही है और यह नवी मुंबई की जेएनपीटी टाउनशिप के 11, 873 वर्ग फुट क्षेत्र में अवस्थित है। यह प्रयोगशाला राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा आईएसओ 17025:2017 के तहत प्रत्यायित होने के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियम (एफएसएसआर) के अनुसार 8 खाद्य उत्पाद श्रेणियों में गुणवत्ता और सुरक्षा मापदंडों के परीक्षण के लिए सक्षम और समर्थ है। इस प्रयोगशाला में प्रति माह 6000 नमूनों का परीक्षण करने की क्षमता है।

एफएसएसएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) श्री अरुण सिंघल के साथ एक बैठक के दौरान विमता लैब्स लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ एस पी वासिरेड्डी ने एनएफएल, जेएनपीटी के लिए पहला चेक एफएसएसएआई के सीईओ को सौंपा। इस बैठक में एफएसएसएआई और विमता लैब्स के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।